आकाशवाणी चंडीगढ़

13 जून 2025, समय 1810

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एयर इंडिया विमान दुर्घटना के घायलों से मुलाकात की। श्री मोदी ने कहा कि हवाई हादसे से पूरा देश स्तब्ध है।

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भारत तिब्बत सीमा पुलिस के भानु स्थित प्रशिक्षण केंद्र में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिरकत की। मुख्यमंत्री ने योग प्रशिक्षको को सम्मानित भी किया।

- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की व्यापक तैयारियों के अंतर्गत विभिन्न जगहों पर प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास शिविर शुरू किए गए।

- हरियाणा सरकार ने ड्रोन तकनीक के विविध उपयोगों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए ।फसल स्वास्थ्य की निगरानी और बीमारियों की पहचान के लिए ड्रोन का उपयोग किया जाए।

- मौसम विभाग ने राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में भीषण लू के लिए रेड अलर्ट की चेतावनी जारी की ।

**************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह गुजरात के अहमदाबाद सिविल अस्पताल में एयर इंडिया विमान दुर्घटना के घायलों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अहमदाबाद में हुए हवाई हादसे से पूरा देश स्तब्ध है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।प्रधानमंत्री ने दुर्घटना में बचे एक मात्र यात्री भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक विश्वास कुमार रमेश से अस्पताल जाकर मुलाकात की। विश्वास ने दुर्घटना से जुडे अनुभव के बारे में प्रधानमंत्री को बताया। श्री मोदी ने दुर्घटना स्थल का भी दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया।दुर्घटना में मारे गए लोगों के शव पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंपे जा रहे हैं।

************************************************************************

पंचकूला में भारत तिब्बत सीमा पुलिस के भानु स्थित प्रशिक्षण केंद्र में अंतराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के निमित योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव भी मौजूद रही।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने योग प्रशिक्षण देने

वाले प्रशिक्षको को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने आईटीबीपी भानु के परिसर में वृक्षारोपण भी किया।इस दौरान एयर इंडिया के विमान हादसे में मारे गए लोगों के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा –

मुख्यमंत्री ने सभी को जीवन में नियमित रूप से योग और प्राणायाम करने व नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया।उन्होंने कहा कि प्रोटोकॉल प्रशिक्षण बहुत महत्व रखता है। 21 जून से 25 दिन पहले योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण आरंभ किया गया था । उन्होंने बताया कि अब तक 15 लाख 60 हजार 102 लोगों ने योग अभ्यास में भाग लिया।

*************************************************************************

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की व्यापकतैयारियों के अंतर्गत आज पलवल के सभीखंडों और आईटीआई में तीन दिवसीय योगाभ्यासशिविर शुरू किए गए। हमारे संवाददाता नेबताया कि आईटीआई पलवल में आईटीआई कुशक में आईटीआई हथीन में और आईटीआई दीघोट में योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास कियागया इसके अलावा गोस्वामी गणेशदत्त महाविद्यालय पलवल राज्य वरिष्ठ माध्यमिकविद्यालय के प्रांगण में भी योग अभ्यास करवाया गया। आयुष विभाग पलवल की तरफ सेअंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य मेंगांव मंडकोला स्थित बाबा नंददास के मंदिर में चल रहे योग प्रोटोकॉल सीवर के छठेदिन पूर्व विधायक प्रवीण डागर ने पौधारोपण किया। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टरसंजीव कुमार ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिएजन भागीदारी के तहत सभी लोगों व संस्थाओंका पूर्ण सहयोग मिल रहा है।

****************************************************************************

आज सुबह कुरुक्षेत्र के द्रोणाचार्य स्टेडियममें प्रोटोकॉल अनुसार योग अभ्यास किया गया। कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्रीसुभाष सुधा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। पूर्व राज्य मंत्री के साथ उपयुक्त नेहा सिंह ,पुलिस अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल सहित तमामअधिकारियों ने योग अभ्यास किया। उनके साथआम नागरिकों ने भी इसमें भागीदारी की। यह अभ्यास कुरुक्षेत्र में 21 जून कोअंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम के उपलक्ष्य मेंकिया गया। कुरुक्षेत्र में 15 जून को योगमैराथन का आयोजन भी किया जाएगा।

****************************************************************************

हरियाणा सरकार ने प्रदेश में ड्रोन तकनीक के विविध उपयोगों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए है । मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि फसल स्वास्थ्य की निगरानी और बीमारियों की पहचान के लिए प्रायोगिक परियोजना के तौर पर ड्रोन का उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को समय पर जानकारी उपलब्ध कराकर फसल हानि को रोकने में सहायता मिलेगी।मुख्यमंत्री ने प्रायोगिक चरण में आलू, चना, कपास, धान और सब्जियों जैसी फसलों को शामिल करने का सुझाव दिया है।

जिनमें सामान्यतः बीमारियों की संभावना अधिक होती है। उन्होंने कहा कि इससे किसानों की पैदावार में सुधार होगा और फसलों के नुकसान में कमी आएगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने 'ड्रोन दीदी योजना' के तहत अगली एक तिमाही में लगभग 500 महिलाओं को प्रशिक्षण देने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए है ।

**********************************************************************

मौसम विभाग ने दिल्ली में लू के लिए ऑरेंज अलर्ट और राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में भीषण लू के लिए रेड अलर्ट की चेतावनी जारी की है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आर.के. जेनामणि ने कहा है कि दिल्ली में ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी कल तक रहेगी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि मौसम विभाग ने हरियाणा के 9 जिलों में लू का रेड अलर्ट जारी किया है। भिवानी कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. देवीलाल ने कहा –

उन्होंने बताया कि 14 जून से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इससे 14 से 16 जून के बीच धूलभरी आंधी और बूंदाबांदी के आसार है। उन्होंने बताया कि 18 से 23 जून को एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है।

**********************************************************************

विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में आज हम आपको मिला रहे हैं ऐसे शख्स से जिसने दूसरों की ज़िंदगी बचाने के लिए रक्तदान को अपना ध्येय बना रखा है। रक्तदान महादान के संदेश को वास्तविक रूप से फैलाने में जुटे और अपना खून देकर दूसरों का जीवन बचाने के लिए सदैव आगे रहने वाले भिवानी निवासी राजेश डुडेजा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि उन्होंने 93 बार रक्त व 41 बार प्लेटलेट्स दान की हैं।

उनके सहयोग से तीन लाख से अधिक बार विभिन्न अस्पतालों में जरूरतमंदों को जरूरत के समय रक्तदान व प्लेटलेट्स उपलब्ध करवाई गई हैं।

**********************************************************************

भिवानी जिला के गांव धनाना निवासी शमशेर सिंह की पुत्री खुशी घणघस ने 18वीं राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में 70 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया है। आज भिवानी के सैक्टर-13 में आयोजित सम्मान समारोह में खुशी को उसकी जीत के लिए सम्मानित किया गया।

**********************************************************************